चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक 9.6.2019 पृष्ठ सं. ....1.... कॉलम ....2-6....


# बीएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा में 16 प्रतिशत परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी ने पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर आयोजित की प्रवेश परीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (एचएयू) की तरफ से शनिवार को बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर और एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान बीएससी की प्रवेश परीक्षा में 16 और एमएससी की परीक्षा में 15 प्रतिशत विद्यार्थी गैर हाजिर रहे।

बता दें कि बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स की 155 सीटों के लिए 10770 और एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस कोर्स की 119 सीटों के लिए 633 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। हालांकि बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर की परीक्षा में 9089 और एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस की परीक्षा में 540 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ से यूनिवर्सिटी कैंपस सहित निजी स्कूलों में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा। इसके अलावा वाइस चांसलर प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया।



प्रवेश परीक्षा में बैठे विद्यार्थी। - अमर उजाला

### शहर में लगा जाम

परीक्षा खत्म होने के साथ जैसे ही परीक्षार्थी घर को लौटने के लिए निकले तो शहर में जाम की स्थिति पैदा हो गई। एचएयू के गेट नंबर चार के सामने और दिल्ली रोड पर जगह-जगह करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति रही। जाम को खुलवाने में ट्रैफिक पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। गर्मी व जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### पेड़ बने सहारा


उमस व झुलसाने वाले गर्मी के कारण बच्चों के साथ आए अभिभावक काफी परेशान हुए। एचएयू में हरियाली ने कुछ हद तक अभिभावकों को गर्मी से बचा लिया। मगर कैंपस के बाहर के स्कूलों में अभिभावक काफी परेशान हुए। यहां धूप में बैठकर उन्हें टाइम बिताना पड़ा। परीक्षा केंद्रों में पीने के पानी की व्यवस्था की गई थी।



एचएयू में परीक्षा खत्म होने के बाद लक्ष्मीबाई चौक पर लगा जाम।

### दोस्तों से मिलकर हुए खुश

एमएससी की प्रवेश परीक्षा में ज्यादातर यूनिवर्सिटी से पास आउट विद्यार्थी ही थे। परीक्षा खत्म होने के बाद परीक्षार्थी अपने पुराने दोस्तों से मिलकर काफी खुश हुए।



पेपर आसान था। इस वजह से निर्धारित समय में पूरा हो गया। पेपर आसान था तो संभावना है कि इस बार कटऑफ हाई जाएगी। - नरेंद्र, हिसार



पेपर मुश्किल नहीं था। इस हिसाब से पूरा हुआ है, उससे तो यही लगता है कि एडमिशन हो जाना चाहिए। पेपर टाइम से पहले ही कंप्लीट हो गया था। - निकिता, सोनीपत



जिस हिसाब से तैयारी की थी, उसके मुकाबले पेपर ईजी था। अब देखना यह है कि कटऑफ कितनी जाती है। - मोनिका, सिरसा



पेपर शुरू होने से पहले थोड़ी टेंशन थी। मगर आसान पेपर देखकर वह टेंशन दूर हो गई। पेपर अच्छा हुआ है। अब तो रिजल्ट का इंतजार है। - पंकज, पाबड़ा, हिसार।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरि भूमि....

दिनांक 9.6.2019 पृष्ठ सं. ...14... कॉलम ...1-6...

## शहर में बनाए गए 21 परीक्षा केंद्र, बीएससी एग्रीकल्चर के लिए हैं 155 सीटें

# हकृवि बीएसएसी एग्रीकल्चर के लिए 9089 ने दी परीक्षा

- पाठ्यक्रमों के लिए क्रमशः 10770 तथा 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि बीएससी एग्रीकल्चर के लिए 155 सीटों के लिए 9089 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर व्यापक प्रबंध किए गए थे। विवि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया।

उनके साथ कुलसचिव डा. बीआर कंबोज और ओएसडी डा. एमके गर्ग भी साथ थे। उन्होंने उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी।

परीक्षा में बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 9089 तथा तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए। गौरतलब है कि इन पाठ्यक्रमों के लिए क्रमशः 10770 तथा 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से विस्तृत प्रबन्ध किए गए थे जिनके चलते यह परीक्षा सभी 21 परीक्षा केंद्रों पर पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई।



हिसार। परीक्षा केंद्रों का दौरा करते कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य अधिकारी।

### परीक्षा के बाद शहर की सड़कों पर लगा जाम



हिसार। हकृवि में बीएससी, एमएससी एग्रीकल्चर और एमएससी होम साइंस में प्रवेश करने के लिए शनिवार को शहर के 21 सेंटरों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। शहर में साढ़े नौ हजार के करीब परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए आए हुए थे। जिस कारण परीक्षा समाप्त होने के बाद शहर की सड़कों पर घंटों जाम लगा रहा। वाहन सड़कों पर रेंगते हुए दिखाई दिए। शहरवासियों को जाम के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ी। जानकारी अनुसार प्रवेश परीक्षा दो शिफ्ट में हुई। दोपहर तीन बजे परीक्षा समाप्त हुई तो शहर की सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। शहर की तकरीबन हर सड़क पर जाम लगा हुआ था। गर्मी के मौसम में जाम में फंसने के कारण लोगों का बुरा हाल था।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक 9.8.2019 पृष्ठ सं. ..16...... कॉलम ..4-7..........

# एचएयू में दाखिले को 9629 ने दी परीक्षा, मंगलसूत्र भी उतरवाए

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर और एमएससी एग्रीकल्चर में दाखिले के लिए शनिवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। दोनों कोर्सो के लिए कुल 9629 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। बीएससी में दाखिले के लिए 10770 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 9089 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। जबकि 1681 अनुपस्थित रहे। वहीं, एमएससी के लिए कुल 633 आवेदन आए थे। जिनमें से 93 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे और 540 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। सभी 21 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की कड़ी जांच की गई और बेल्ट, मोबाइल, हाथ और गले के धागे व चेन, लड़कियों व नवविवाहिताओं की बालों की पिन, चूड़ियां, कंगन, नाक के कोके, कानों की बालियां, पाजेब और मंगलसूत्र तक उतरवा लिए गए। नवविवाहिताओं ने चूड़ी और मंगलसूत्र उतरवाने पर सवाल भी उठाए। यह प्रवेश परीक्षा बीएससी (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों और और एमएससी एग्रीकल्चर व एमएससी होम साइंस पाठयक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी।



ठाकुर दास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र में बीएससी और एमएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा देने पहुंची छात्राओं की चेकिंग करता स्टाफ।

| एग्रीकल्चर कोर्स | आवेदन किया | परीक्षा में उपस्थित | अनुपस्थित | विवि में सीटें |
|---|---|---|---|---|
| बीएससी | 10770 | 9089 | 1681 | 155 |
| एमएससी | 633 | 540 | 93 | 119 |

परीक्षा नियंत्रक डा. एसके पाहुजा ने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसिलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता प्रबंध किए थे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. बीआर कंबोज, ओएसडी डा. एमके गर्ग और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने उम्मीदवारों की सुविधा और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। परीक्षा के लिए इस प्रकार से व्यवस्था की गई थी कि प्रवेशार्थियों एवं उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रत्येक सेंटर पर पीने के पानी और अभिभावकों के बैठने का भी इंतजाम किया गया था।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......
दिनांक 9.6.2019 पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ..2-3..

# 9089 विद्यार्थियों ने दी बी.एससी. एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा, 1690 रहे गैरहाजिर

## परीक्षा के लिए शहर में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे

हिसार, 8 जून (ब्यूरो): हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शनिवार को विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। यह प्रवेश परीक्षा बी.एससी. ऑनर्स एग्रीकल्चर 4 वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा तथा एम.एससी. एग्रीकल्चर एवं एम.एससी. होम साइंस की 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा में बी.एससी. ऑनर्स एग्रीकल्चर के लिए 9089 तथा तथा एम.एससी. एग्रीकल्चर एवं एम.एससी. होम साइंस की 119 सीटों के लिए 540 विद्यार्थी उपस्थित हुए। बी.एससी एग्रीकल्चर के लिए 10770 तथा एम.एससी. एग्रीकल्चर के लिए 633 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा के लिए शहर में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।





परीक्षा केन्द्रों का दौरा करते हुए कुलपति प्रो. के.पी. सिंह व अन्य अधिकारी व परीक्षा केन्द्र से जाते हुए परीक्षार्थी। (कारा)

### नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए रहे पुख्ता प्रबंध

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए थे। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बी.आर.कंबोज, ओ.एस.डी. डा. एम.के. गर्ग एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

### बनी रही जाम की स्थिति

परीक्षा के दौरान राजगढ़ रोड पर गवर्नमैंट कॉलेज से लेकर एच.ए.यू के 4 नंबर के गेट तक जाम की स्थिति बनी रही। ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाया। राजगढ़ रोड पर गवर्नमैंट कॉलेज व ठाकुरदास भार्गव स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा समाप्त होते ही करीब 20 मिनट तक जाम लगा रहा। वहीं बस स्टैंड के आसपास भी वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 9.6.2019 पृष्ठ सं. 8 कॉलम 3-6

# एचएयू में बीएससी की 155 और एमएससी की 119 सीटों के लिए 21 हजार ने दी प्रवेश परीक्षा

## 21 केंद्रों पर हुई परीक्षा, प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की और उनके अंगूठे के निशान भी लिए

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू द्वारा शनिवार को विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की। इस राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के लिए 21 परीक्षा केन्द्रों पर 21 हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा में बी.एस-सी. (आनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 9089 तथा एमएस-सी. एग्रीकल्चर एवं एमएस-सी. होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि इन पाठ्यक्रमों के लिए क्रमशः 10770 तथा 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। इसमें नकल रोकने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती रही।

इसके साथ ही कुलपति प्रो केपी सिंह ने खुद परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण भी किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बी.आर.कंबोज एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही केन्द्र के बाहर ही छात्रों से विभिन्न प्रकार की गेजेट्स व सामान रखा लिया गया।



एचएयू में परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते कुलपति प्रो केपी सिंह व रजिस्ट्रार डॉ बीआर कंबोज।

### काउंसिलिंग के समय होगा अंगूठे का मिलान

विश्वविद्यालय में जगह-जगह लगाए गए नए साइन बोर्डस के कारण प्रवेशार्थियों को सैंटर तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा।

### केंद्रों पर शांतिपूर्वक हुई परीक्षा : पाहुजा

प्रवेश परीक्षा बी.एस-सी. (आनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों, एमएस-सी. एग्रीकल्चर एवं एमएस-सी. होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से विस्तृत प्रबन्ध किए गए थे जिनके चलते यह परीक्षा सभी 21 परीक्षा केन्द्रों पर पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए सभी प्रकार से व्यवस्था की गई थी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...दैनिक ट्रिब्यून...

दिनांक 9. 6. 2019 पृष्ठ सं. ...9... कॉलम ...7-8...

# बीएससी ऑनर्स, एमएससी प्रवेश परीक्षा



हिसार में बीएससी ऑनर्स और एमएससी होम साइंस व एग्रीकल्चर के लिए परीक्षा देते विद्यार्थी। -निस

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आज विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए राज्य स्तरीय परीक्षाओं का आयोजन करवाया गया। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रो. केपी सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग व अन्य अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर 4 वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा में बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 9089 तथा तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........

दिनांक 9.6.2019 पृष्ठ सं. 18 कॉलम 6

## बीएससी एग्रीकल्चर की एक सीट पर 70 विद्यार्थियों का मुकाबला

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार को होगी। कुल 155 सीटों के लिए 10771 विद्यार्थी अपनी मेधा शक्ति की परीक्षा देंगे। यानी दाखिले के लिए हर सीट पर 70 विद्यार्थियों के बीच मुकाबला होगा। हालांकि बीएससी एग्रीकल्चर में इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा 21 फीसद कम विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। वहीं, एमएससी एग्रीकल्चर और एमएससी होम साइंस के लिए 633 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय ने परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी, लेकिन उम्मीदवारों को 9 बजकर 45 मिनट तक केन्द्र पर पहुंचना होगा। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और परिसर से बाहर कुल 21 केंद्रों पर परीक्षा होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार नकल करने और दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी होगी। उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, केलकूलेटर और इलेक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम पंजाब केसरी

दिनांक 8.6.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-2

# हकृवि प्रवेश परीक्षा आज

## बनाए गए 121 केन्द्र

हिसार, 7 जून (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने 8 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा 21 केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

बी.एससी. और एम.एससी. डिग्री कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को 9 बजे से 9.45 तक अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

## इन कोर्सों के लिए होगी परीक्षा

यह परीक्षा बी.एससी. (ऑनर्स) एग्रीकल्चर 4 वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा एम.एससी. एग्रीकल्चर एवं एम.एससी. होम साइंस पाठ्यक्रमों में क्रमशः 93 व 26 सीटों के लिए आयोजित की जा रही है।


उल्लेखनीय है कि इन पाठ्यक्रमों के लिए 11404 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किए गए हैं जिनमें बी.एससी. (आनर्स) एग्रीकल्चर 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 10771 तथा एम.एससी. एग्रीकल्चर एवं एम.एससी. होम साइंस के लिए 633 उम्मीदवार शामिल हैं।

## नकल रोकने के लिए उठाए गए प्रबंध

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. बी.आर. कम्बोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी।

समाचार-पत्र का नाम ....सिटी पल्स....
दिनांक 8-6-2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 6-8

# एचएयू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई परीक्षा



हिसार। परीक्षा केन्द्रों का दौरा करते हुए कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य अधिकारी।

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आज आयोजित की गई राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए थे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

यह प्रवेश परीक्षा बीएससी (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा तथा एम.एस-सी. एग्रीकल्चर एवं एम.एस-सी. होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी।

परीक्षा में बीएससी (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 9089 तथा तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि इन पाठ्यक्रमों के लिए क्रमशः 10770 तथा 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से विस्तृत प्रबन्ध किए गए थे जिनके चलते यह परीक्षा सभी 21 परीक्षा केन्द्रों पर पूर्णतया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए इस प्रकार से व्यवस्था की गई थी कि प्रवेशार्थियों एवं उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रत्येक सैंटर पर पीने के पानी तथा अभिभावकों के बैठने का भी इंतजाम किया गया था।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में जगह-जगह लगाए गए नए साइन बोर्ड्स के कारण प्रवेशार्थियों को सैंटर तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी की गई है और उसके अंगूठे के निशान लिए गए हैं। इनका काउंसलिंग के समय उम्मीदवार के साथ मिलान किया जाएगा।